**NEWS CLIPPING:21.09.2023**

# PUNJAB KESARI

## ई-ऑफिस पर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

### जेसी बोस विश्वविद्यालय की ओर से लगा शिविर



कार्यशाला के समापन पर प्रतिभागी को प्रमाण पत्र प्रदान करती हुई कुलसचिव डॉ मेहा शर्मा।

फरीदाबाद, 20 सितम्बर (सूरजमल): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान (हिपा), गुरूग्राम के सहयोग से प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने और कार्य प्रणाली में डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के लिए ई-ऑफिस पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों सहित 30 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. मेहा शर्मा ने कागज रहित कुशल प्रशासनिक प्रणाली के महत्व पर बल देते हुए कहा कि ई-ऑफिस से कागजी कार्रवाई में कमी आयेगी तथा प्रशासनिक प्रक्रियाएं सुव्यवस्थित होगी, जिससे विश्वविद्यालय के कामकाज में पारदर्शिता आयेगी। ई-ऑफिस पर सिद्धांत और व्यावहारिक ज्ञान देने के लिए हिपा, गुरुग्राम और एनआईसी के संसाधन व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया था। प्रशिक्षण सत्र का संचालन पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ. देवेन्द्र सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर, हिपा, गुरूग्राम, श्री कश्मीर सिंह, ई-ऑफिस प्रशासक, फरीदाबाद मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी (एफएमडीए), कुशाग्र शर्मा, एनआईसी, दिल्ली और ज्योति गुप्ता, गुरूग्राम मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी (जीएमडीए) द्वारा किया गया, जिन्होंने ई-ऑफिस की विभिन्न विशेषताओं और लाभों के बारे में जानकारी प्रदान की।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम समन्वयक विशाल कुमार, सहायक कुलसचिव भी उपस्थित रहे। यह प्रशिक्षण पारदर्शिता को बढ़ावा देने, जवाबदेही बढ़ाने और कार्यस्थल में अधिक समन्वय को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन की महत्वपूर्ण पहल रही। ई-ऑफिस से संबंधित विभिन्न विषयों जैसे ई-ऑफिस का परिचय तथा अनुप्रयोग, ई-फाइल, ई-ऑफिस में ड्राफ्ट बनाना, ई-हस्ताक्षर करना, फिजिकल फाइल को ई-फाइल में परिवर्तित करने आदि के बारे में जानकारी दी गई। कार्यशाला के अंत में प्रतिभागियों से फीडबैक भी लिया गया। समापन पर कुलसचिव डॉ. मेहा शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।

**NEWS CLIPPING:21.09.2023**

# PIONEER

## ई-ऑफिस पर प्रशिक्षण कार्यशाला में विद्यार्थियों को किया जागरूक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**जेसी बोस** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान गुरुग्राम के सहयोग से प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने और कार्य प्रणाली में डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के लिए ई-ऑफिस पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों सहित 30 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. मेहा शर्मा ने कागज रहित कुशल प्रशासनिक प्रणाली के महत्व पर बल देते हुए कहा कि ई-ऑफिस से कागजी कार्रवाई में कमी आयेगी तथा प्रशासनिक प्रक्रियाएं सुव्यवस्थित होंगी, जिससे विश्वविद्यालय के कामकाज में पारदर्शिता आयेगी। ई-ऑफिस पर सिद्धांत और व्यावहारिक ज्ञान देने के लिए हिपा, गुरुग्राम और एनआईसी के संसाधन व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया था। प्रशिक्षण सत्र का संचालन पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ. देवेंद्र सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर, हिपा, गुरुग्राम, कश्मीर सिंह, ई-ऑफिस प्रशासक, फरीदाबाद मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी, कुशाग्र शर्मा, एनआईसी, दिल्ली और ज्योति गुप्ता, गुरुग्राम मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी द्वारा किया गया, जिन्होंने ई-ऑफिस की विभिन्न विशेषताओं और लाभों के बारे में जानकारी प्रदान की।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम समन्वयक विशाल कुमार, सहायक कुलसचिव भी उपस्थित रहे। यह प्रशिक्षण पारदर्शिता को बढ़ावा देने, जवाबदेही बढ़ाने और कार्यस्थल में अधिक समन्वय को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन की महत्वपूर्ण पहल रही। ई-ऑफिस से संबंधित विभिन्न विषयों जैसे ई-ऑफिस का परिचय तथा अनुप्रयोग, ई-फाइल, ई-ऑफिस में ड्राफ्ट बनाना, ई-हस्ताक्षर करना, फिजिकल फाइल को ई-फाइल में परिवर्तित करने आदि के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यशाला के अंत में प्रतिभागियों से फीडबैक भी लिया गया। समापन पर कुलसचिव डॉ. मेहा शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।

**NEWS CLIPPING:21.09.2023**

# AMAR UJALA

## प्रशासनिक दक्षता व डिजिटलीकरण बढ़ाने को लेकर कार्यशाला

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान (हिपा), गुरुग्राम के सहयोग से प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने और कार्य प्रणाली में डिजिटलीकरण को लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें 30 प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

उन्हें ई-ऑफिस का परिचय कराया गया। इस मौके पर विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. मेहा शर्मा ने कई अन्य जानकारियां भी दीं। ई-ऑफिस पर सिद्धांत और व्यावहारिक ज्ञान देने के लिए हिपा (गुरुग्राम) और एनआईसी के संसाधन व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया था। प्रशिक्षण सत्र का संचालन पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ. देवेन्द्र सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर, कश्मीर सिंह, ई-ऑफिस प्रशासक, एफएमडीए कुशाग्र शर्मा, ज्योति गुप्ता आदि मौजूद रहें। ब्यूरो

**NEWS CLIPPING:21.09.2023**

# HINDUSTAN

# जेसी बोस के विद्यार्थियों की तकनीकी क्षमता बढ़ेगी

- रेकर्स मेक्ट्रोनिक्स के साथ किया समझौता
- प्रोफेसर बोले, छात्रों के लिए यह एमओयू जरूरी

फरीदाबाद, वरिष्ठ संवाददाता। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने रेकर्स मेक्ट्रोनिक्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ समझौता किया है। यह कंपनी आईआईओटी एवं क्लाउड कंप्यूटिंग जैसे उभरते क्षेत्र में सेवाएं प्रदान करती है। इस सहयोग का उद्देश्य विद्यार्थियों को औद्योगिक परियोजनाओं पर व्यावहारिक अनुभव प्रदान करवाना है ताकि उनकी तकनीकी कौशल क्षमता को बढ़ाया जा सके।

समझौते पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर की उपस्थिति में विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. मेहा शर्मा और रेकर्स मेक्ट्रोनिक्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक रमन कुमार सूद ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर निदेशक (आरएंडडी) डॉ. मनीषा गर्ग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग की अध्यक्षा डॉ. अंजू गुप्ता, सहभागिता एवं उद्योग संपर्क मामलों की प्रभारी डॉ. रश्मी पोपली, रेकर्स मेक्ट्रोनिक्स के निदेशक संदीप सिंह तथा रॉकवेल ऑटोमेशन के प्रबंधक (सीएसएम) अभिजात द्विवेदी उपस्थित थे। प्रोफेसर सुशील कुमार तोमर ने कहा कि तेजी से विकसित हो रही दुनिया में यह जरूरी है कि छात्रों को उद्योग की जरूरतों के अनुरूप व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हो।

**NEWS CLIPPING:21.09.2023**

# DAINIK JAGRAN

## ई-आफिस कार्यशाला में 30 प्रतिभागी हुए शामिल

वि., फरीदाबाद : जेसी बोस विश्वविद्यालय ने हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान (हिपा) गुरुग्राम के सहयोग से प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने और कार्य प्रणाली में डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के लिए ई-आफिस पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों सहित 30 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

कुलसचिव डा.मेहा शर्मा ने कागज रहित कुशल प्रशासनिक प्रणाली के महत्व पर बल देते हुए कहा कि ई-आफिस से कागजी कार्रवाई में कमी आएगी तथा प्रशासनिक प्रक्रियाएं सुव्यवस्थित होंगी, जिससे विश्वविद्यालय के कामकाज में पारदर्शिता आएगी। प्रशिक्षण सत्र का संचालन पाठ्यक्रम समन्वयक डा. देवेंद्र सिंह, कश्मीर सिंह, कुशाग्र शर्मा, और ज्योति गुप्ता द्वारा किया गया।

**NEWS CLIPPING:21.09.2023**

# HADOTI ADHIKAR

## ई-ऑफिस पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला

हाड़ौती अधिकार

फरीदाबाद, 20 सितम्बर। जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान (हिपा), गुरूग्राम के सहयोग से प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने और कार्य प्रणाली में डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के लिए ई-ऑफिस पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों सहित 30 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. मेहा शर्मा ने कागज रहित कुशल प्रशासनिक प्रणाली के महत्व पर बल देते हुए कहा कि ई-ऑफिस से कागजी कार्रवाई में कमी आयेगी तथा प्रशासनिक प्रक्रियाएं सुव्यवस्थित होगी, जिससे विश्वविद्यालय के कामकाज में पारदर्शिता आयेगी।

ई-ऑफिस पर सिद्धांत और व्यावहारिक ज्ञान देने के लिए हिपा, गुरुग्राम और एनआईसी के संसाधन व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया था।